7. कारक

कारक का शाब्दिक अर्थ है– करने वाला अर्थात् क्रिया को पूरा करने में सहयोग देने वाला। वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा या सर्वनाम का संबंध वाक्य के क्रिया शब्दों के साथ जोड़ने वाले शब्द कारक कहलाते हैं। कारकीय संबंधों को प्रकट करने वाले चिह्न कारकीय चिह्न या परसर्ग होते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से जानें कि वे कारक से क्या समझते हैं।
- ❖ छात्रों से पृष्ठ 44 पर दिए वाक्य पढ़वाएँ। तदुपरांत आप वाक्यों का अंतर बताते हुए कारक की उपयोगिता तथा प्रयोग समझाएँ।
- ❖ बताएँ, कारकों को प्रकट करने वाले शब्द कारक-चिह्न कहलाते हैं। कारक चिह्नों को 'परसर्ग' या 'विभक्ति चिह्न' भी कहते हैं।
- ❖ कारक के भेदों तथा उनके चिह्नों के बारे में छात्रों को बताएँ तथा पृष्ठ 45-47 पर दिए सभी आठ कारक भेदों एवं उनके उदाहरणों को पढ़ें-पढ़वाएँ।
- ❖ बीच-बीच में छात्रों से कारक के किसी भेद से संबंधित प्रश्न पूछें।
- ❖ कर्म कारक तथा संप्रदान कारक का अंतर स्पष्ट करते हुए समझाएँ कि इन दोनों का विभक्ति चिह्न 'को' है पर कर्म कारक में क्रिया का फल कर्म पर पड़ता है तथा संप्रदान कारक में किसी को कुछ देने का भाव प्रकट होता है। पृष्ठ 46 पर दिए उदाहरणों से समझाएँ।
- ❖ उदाहरण द्वारा छात्रों से प्रश्न पूछकर जाने कि वे कर्म कारक और संप्रदान कारक का अंतर भली-भाँति समझ गए हैं या नहीं।
- ❖ करण कारक और अपादान कारक का अंतर स्पष्ट करते हुए समझाएँ– करण कारक का प्रयोग साधन के रूप में होता है तथा अपादान कारक का प्रयोग अलग होने, किसी से तुलना करने, भय आदि प्रकट करने के लिए किया जाता है। पृष्ठ 46 पर दिए उदाहरणों द्वारा समझाएँ।
- ❖ छात्रों से कारक के भेद चिह्नों सहित बताने को कहें। प्रत्येक छात्र को बोलने का अवसर दें।
- ❖ 'अब तक हमने सीखा' द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति करवाएँ।